राजस्थान सरकार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
जी–3/1अम्वेडकर भवन राजमहल पेलेस के पास, जयपुर

क्रमांक :–एफ.1( )सामान्य/सान्याअवि/2019/ 74982 जयपुर, दिनांक 16-12-19.

वीडियों कान्फ्रेस नोटिस

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में दिनांक 18.12.2019 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक माननीय मंत्री महोदय द्वारा वीडियों कान्फ्रेस द्वारा समीक्षा की जायेगी। अतः समस्त जिला अधिकारियों व ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे समस्त सूचनाओं के साथ दिनांक 18.12.2019 को प्रातः 10 बजे राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वी.सी. रुम पर उपस्थित रहें।

वीडियों कान्फ्रेस का एजेण्डा निम्नानुसार रहेगा :–

1 वर्ष 2019–20 में माह नवम्बर, 2019 तक की विभागीय योजनाओं की उपलब्धियों की समीक्षा।

2 वित्तीय वर्ष 2019–20 में छात्रावासों/आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा।

3 विभिन्न वर्षों की स्वीकृत/वितरण व बकाया रहे छात्रवृति आवेदनों की समीक्षा व वर्ष 2019–20 हेतु आवेदन हेतु छात्रवृति स्वीकृति के बारे में चर्चा।

4 E.W.S. प्रमाण पत्र पर चर्चा।

5 बकाया विधानसभा प्रश्नों के सम्बन्ध में चर्चा।

6 अन्य बिन्दु माननीय महोदय की अनुमति से।

(जय नारायण मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (सतर्कता एवं प्रशासन)

क्रमांक :–एफ.1( )सामान्य/सान्याअवि/2019/ 74983-99 जयपुर, दिनांक 16.12.19

प्रतिलिपिः निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री महोदय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
3. निजी सचिव, आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
4. निजी सचिव, अतिरिक्त निदेशक(सतर्कता एवं प्रशासन), मुख्यावास
5. समस्त अतिरिक्त निदेशक, उप निदेशक, प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे दिनांक 18.12.2019 को सम्पूर्ण सूचना सहित वी.सी. में भाग लेवे। एजेण्डा में उल्लेखित **बिन्दुओं की अद्यतन स्थिति दिनांक 16.12.2019 तक श्री सतीश सहरिया, उप निदेशक(एस.सी.एस.पी.) व श्री विष्णु चन्द शर्मा, उप निदेशक(मोनेटरिंग) को प्रस्तुत करें** ताकि वस्तु स्थिति से माननीय मंत्री महोदय को अवगत कराया जा सके
6. अतिरिक्त निदेशक, बाल अधिकारिता विभाग, मानसरोवर, जयपुर।
7. अतिरिक्त निदेशक, विशेष योग्यजन विभाग, जयपुर।
8. समस्त जिला अधिकारियों व ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि वे समस्त सूचनाओं के साथ दिनांक 18.12.2019 को प्रातः 10 बजे जिला मुख्यालय स्थित राजीव गांधी सूचना केन्द्र के वी.सी. रुम पर आवश्यक रुप से उपस्थित रहें।
9. श्री सतीश सहरिया, उप निदेशक(एस.सी.एस.पी.) व श्री विष्णु चन्द शर्मा, उप निदेशक (मोनेटरिंग) को प्रेषित कर निर्देशित किया जाता है कि समस्त प्रभारी अधिकारियों से सूचना प्राप्त कर दिनांक 17.12.2019 को प्रातः 11 बजे तक प्रस्तुत करें ताकि सूचना माननीय मंत्री महोदय को भिजवाई जा सकें।
10. संयुक्त निदेशक(आई.टी.), मुख्यावास को अपलोड हेतु।
11. आदेश पत्रावली।

16/12/19

अतिरिक्त निदेशक (सतर्कता एवं प्रशासन)